प्रतिवेदन

परियोजना का नाम जम्पइन एडवेन्चर्स प्रा० लि० मोहनचट्टी

जनपद पौड़ी गढ़वाल के तहसील यमकेश्वर पटटी मल्ला ढांगू ग्राम विजनी छोटी ग्राम सभा जोगयाणा तथा पटटी उदयपुर मल्ला ग्राम कुमारथा के इलाके में उपर्युक्त कम्पनी द्वारा साहसिक खेल इकाई में बंजी जम्प, जेन्ट स्वींग तथा फ्लांइग फॉक्स खेल इकाइयां विश्व की अति आधुनिक तकनीकि तथा सुरक्षा विशेषज्ञों की सहायता से स्थापित कर पिछले पांच वर्षो से सुचारू रूप से संचालित हो रही है। देश तथा विदेशी पर्यटक भारी संख्या में आकर साहसिक खेल इकाईयों का भरपूर आंनद उठा रहे है।

प्रश्नगत खेल परियोजना उत्तराखण्ड सरकार की शासनादेश संख्या जी0आई0 2204/7–1–2010–800(2933)/2008 दिनांक–09–02–2010 एवं अपर सचिव उत्तराखण्ड शासन पत्रांक 119/7–1–2010–800(2933)2008 दिनांक 09–02–2010 के 5 वर्ष हेतू लीज पर स्वीकृत हुई थी। इन पांच वर्षों में इस परियोजना के संचालन से क्षेत्र तथा प्रदेश का निम्नलिखित विकास हुआ है।

1. स्थानीय ग्राम तथा प्रदेश जनसाधारण को लगभग 92 प्रतिशत रोजगार प्राप्त हुआ है।
2. निकटवर्ती क्षेत्र में छोटे व बड़े कई रिसोर्ट का निर्माण होने से अधिक संख्या में पर्यटक आकर्षित हुए है जिससे राजस्व की प्राप्ति हुई है।
3. परियोजना के निर्माण तथा संचालन से आज मोहनचटटी विश्व का मुख्य पर्यटक स्थल बन चुका है।
4. परियोजना के संचालन से पिछले पांच वर्षो से ग्राम /प्रदेश व देश के 5 नव युवक विदेशी जम्पमास्टर के निर्देशन पर मोहनचटटी में ही जम्पमास्टर का प्रशिक्षण उचित वेतन के साथ–साथ प्राप्त कर रहे है। जोकि भविष्य में 5 वर्षों के पश्चात पूर्ण रूप से जम्पमास्टर बनकर विश्व स्तर पर इन साहसिक खेल इकाईयों का पूर्ण रूप से सुरक्षित ढ़ंग से संचालन करने में समक्ष होंगे।
5. कम्पनी द्वारा ग्राम जोगयाणा के मध्य महादेवसैंण में प्रत्येक महीने के दूसरे तथा चौथे बुधवार को निशुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोजन क्षेत्रवासियों को कम्पनी द्वारा नियुक्त डा0 बी0एम0 सोनी (एम0बी0बी0एस0) द्वारा संचालित किया जाता है जिसमें अधिक से अधिक ग्राम/क्षेत्रवासी आकर चिकित्सा कैम्प का भरपूर लाभ उठाते हैं।
6. इन पांच वर्षों की अवधि में देशी तथा विदेशी पर्यटकों के साथ–साथ भारतीय सेना, वायु सेना, जल सेना, आई0पी0एस0 एकेडमी, एस0एस0बी एकेडमी श्रीनगर उत्तराखण्ड से अधिकारी एवं अन्य रैन्क भी बड़ी संख्या में आकर परियोजना से लाभ उठाया है। साथ ही आई0ए0एस0 एकेडमी मसूरी से भी समय–समय पर अधिकारी आकर

Scanned by CamScanner

परियाजना का भरपूर आनन्द प्राप्त कर परियोजना का संचालन एवं प्रबन्धन को सराहा है।

7. देशी तथा विदेशी पत्रकार एवं मीडिया ने भी इस साहसिक खेल परियोजना को सराहा है। अनेकों पत्रिकाओं में तथा टी0वी0 के माध्यम से इन साहसिक खेलो को प्रकाशित किया है।

8. जम्पइन एडवेन्चर्स प्रा0लि0 कम्पनी विश्व स्तर की अन्तरराष्ट्रीय खेल परियोजना की निर्माण तथा संचालन हेतु विश्व के सुरक्षा मानकों को मध्येनजर रखते हुए स्वदेशी सुरक्षा मानको को बनाने तथा सुरक्षित संचालन में सफल हुई है। इन सुरक्षा मानकों के माध्यम से देश में अन्य स्थानों पर भी साहसिक परियोजना का निर्माण तथा सुरक्षित संचालन के अपार अवसर प्राप्त हुए हैं।

9. उपर्युक्त उपलब्धियों को मध्येजनर रखते हुए प्रश्नगत साहसिक परियोजना को और भी अधिक विकसित व प्रभावी करने की आवश्यकता है, फलस्वरूप परियोजना की लीज अवधि आगामी तीस (30) वर्षो के लिए बढ़ाने हेतु लीज नवीनीकरण प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

जम्पइन एडवेन्चर्स प्रा0लि0
तपोवन, ऋषिकेश (उ0खं0)

Scanned by CamScanner